This question paper contains **2** printed pages]

Y—77—2018

FACULTY OF ARTS

M.A. (First Year) (First Semester) EXAMINATION
MARCH/APRIL, 2018

HINDI

Paper II

(नाट्य साहित्य, भाग 1)

(Wednesday, 11-4-2018) **Time : 10.00 a.m. to 1.00 p.m.**

Time—Three Hours *Maximum Marks*—75

N.B. :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गए हैं।

1. संदर्भ सहित अर्थ स्पष्ट कीजिए :

(अ) ''वे तो शिक्षक नहीं हैं। आचार्य नहीं हैं। तुमने चुप रहकर शिक्षक को अन्याय पीने की परंपरा दे दी। आने वाला इतिहास तुम्हें कोसेगा।'' 10

अथवा

''कितना प्यारा पक्षी है। जब तक नग्न सत्य उसे चारों ओर से घेर लेते हैं और वह भाग नहीं पाता तो आँखों समेत वह अपनी चोंच रेत में डुबो देता है और पलायन की उस सम्पूर्ण अनुभूति में यह कल्पना करता है कि उसे कोई नहीं देख रहा है—उसे कोई नहीं समझ रहा है—उसे कोई नहीं जान रहा है और वह सुरक्षित है।''

(आ) ''क्यूं इतना डरता है आदमी एक दूसरे से ? क्यों हर समय उसे एक ऐसे खोल की जरूरत रहती है अपने को ढांकने के लिए जो सिर्फ दिखने में मजबूत लगता है ? क्यों नहीं वो अपना 'इन्हीबिशन्स' तोड़कर बाहर आ जाता है ? कारण क्या हमारी सड़ी-गली सामाजिक व्यवस्था नहीं ?'' 10

अथवा

''ठिक किया तुमने। मैं इसी का पात्र था। सत्य और न्याय का पक्ष जानते हुए भी मैं उसके विरोध में लड़ा। अपने ही शिष्यों के विरुद्ध, राजकीय अन्न की दासता-समझौते का चरित्र। ठीक किया तुमने। इस समय तुम्हारा झूठ बोलना ही धर्म है।''

2. हिंदी नाटक के तत्वों की चर्चा करते हुए कथावस्तु का महत्व प्रतिपादित कीजिए। 20

अथवा

''भारतीय समाज में व्यक्ति संबंधों का करफ्यू लगाकर जीवन यापन करता है।'' 'करफ्यू' नाटक के आधार पर चर्चा कीजिए।

P.T.O.

1AE5C6EC1222C4375BDD56DCB62D4218

3. "'संवाद' नाटक का प्राणतत्व होता है।" सिद्ध कीजिए। 20

अथवा

'शुतुरमुर्ग' नाटक में राजनीतिक व्यंग्य किस प्रकार व्यक्त हुआ है ? स्पष्ट कीजिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **15-20** पंक्तियों में लिखिए : 5

(*i*) भीष्म साहनी का जीवन-परिचय दीजिए।

(*ii*) जयशंकर प्रसाद के नाटकों की विशेषताएँ प्रस्तुत कीजिए।

(*iii*) नाटक की विकास-यात्रा में लक्ष्मीनारायण मिश्र का स्थान निश्चित कीजिए।

(*iv*) भारतेंदु के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्पष्ट कीजिए।

5. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए : 5

(*i*) 'अंधेर नगरी' के रचनाकार कौन हैं ?

(*ii*) विष्णु प्रभाकर का जन्म कब हुआ ?

(*iii*) भीष्म साहनी के फिल्म जगत से संबंधित भाई का नाम क्या है ?

(*iv*) 'अजातशत्रु' नाटक के नाटककार कौन हैं ?

(*v*) लक्ष्मीनारायण मिश्र की मृत्यु कब हुई ?

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5

(*i*) भीष्म साहनी ने कबीर के जीवन पर .... नाटक लिखा।

(*ii*) विष्णु प्रभाकर को .... पुरस्कार मिला।

(*iii*) 'सिंदूर की होली' के नाटककार .... हैं।

(*iv*) जयशंकर प्रसाद पर .... के विचारों का प्रभाव अधिक रहा है।

(*v*) भारतेंदु की मृत्यु .... ई. सन् में हुई।

1AE5C6EC1222C4375BDD56DCB62D4218